प्रश्न पुस्तिका क्रमांक / Question Booklet Serial No. :

# SECONDARY SCHOOL EXAMINATION – 2026
# माध्यमिक स्कूल परीक्षा – 2026

(ANNUAL / वार्षिक )

MODEL QUESTION

SIL-HINDI (NLH)

द्वितीय भारतीय भाषा – हिन्दी

विषय कोड: / Subject Code : **106**

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड / **Question Booklet Set Code**

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106

Total Question : 100 + 6 = 106

कुल मुद्रित पृष्ठ :27

Total Printed Pages : 27

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)

[Time : 3 Hours 15 Minutes]

(पूर्णांक : 100)

[Full Marks : 100]

---

**परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :**

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर–पत्रक पर अपना प्रश्न–पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न–पुस्तिका दो खण्डों में है – खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
6. खण्ड–अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर देने पर प्रथम 50 उत्तरों का ही मूल्यांकन किया जाएगा। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है। सही उत्तर को उपलब्ध कराये गये OMR उत्तर–पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
7. खण्ड–ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।
8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

## खण्ड – अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर–पत्रक पर चिह्नित करें। 50 x 1 = 50

1- हिन्दी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है ?

(A) गुरूमुखी (B) देवनागरी

(C) फ़ारसी (D) रोमन

2- स्वरों की मात्राओं तथा अनुस्वार एवं विसर्गसहित एक व्यंजन वर्ण में बारह रूप होते हैं। इन्हें परंपरा के अनुसार क्या कहते हैं ?

(A) देवनागरी (B) गुरूमुखी

(C) बारहमुखी (D) बारहखड़ी

3- 'श + र' – से कौन वर्ण बनता है ?

(A) श (B) शर

(C) श्र (D) श्‌र

4- यदि तत्सम शब्दों में 'श' हो, तो उसके तद्‌भव शब्दों में 'श' के स्थान पर क्या होता है ?

(A) स (B) ष

(C) श (D) ह

5- 'पवर्ग' का उच्चारण–स्थान क्या है ?

(A) कंठ्य (B) तालव्य

(C) मूर्द्धन्य (D) ओष्ठ्य

6- निम्न में से कौन पंचमाक्षर का एक वर्ण है ?

(A) भ (B) म

(C) थ (D) ह

7- अनुस्वार और विसर्ग न तो स्वर हैं, न व्यंजन। इसलिए इन दोनों ध्वनियों को क्या कहते हैं?

(A) प्लुत (B) अल्पप्राण

(C) अनुतान (D) अयोगवाह

8- 'औ' वर्ण का उच्चारण–स्थान है –

(A) कंठोष्ठ्य (B) दंतोष्ठ्य

(C) कंठतालव्य (D) कंठ्य

9- बद्धाक्षर की अंतिम ध्वनि क्या होती है ?

(A) स्वर (B) व्यंजन

(C) संपृक्त (D) संयुक्त

10- वक्ता के द्वारा उच्चारण के क्रम में पहली ध्वनि के बाद दूसरी ध्वनि के बीच जो विराम होता है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) स्वराघात (B) अनुतान

(C) संगम (D) अव्यय

11- दो वर्णों के मेल से होनेवाले विकार को क्या कहते हैं ?

(A) कारक (B) समास

(C) अव्यय (D) संधि

12- समास में आए पदों को छोड़कर जब किसी अन्य पदार्थ की प्रधानता हो, तब उसे कौन समास कहते हैं ?

(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष

(C) बहुव्रीहि (D) द्विगु

13- निम्न में से कौन शब्द तत्पुरुष समास का उदाहरण है ?

(A) हरफनमौला (B) सतसई

(C) धर्माधर्म (D) प्रत्यंग

14- 'यशोधरा' शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) यश + धरा (B) यशः + धरा

(C) यशो + धरा (D) यश + धारा

15- 'उड्डयन' शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) उड+डयन (B) उड् + डयन

(C) उड + अयन (D) उत् + डयन

16- निम्नलिखित में कौन शब्द शुद्ध है ?

(A) ज्योतसना (B) प्रज्वलित

(C) कृत्यकृत्य (D) भस्मिभूत

17- निम्नलिखित में से कौन शब्द अशुद्ध है ?

(A) प्रशाद (B) पिशाच

(C) आमिष (D) भूधर

18- निम्न में कौन प्रश्नवाचक चिह्न है ?

(A) ! (B) " "

(C) ? (D) ।

19- दो विपरीतार्थक शब्दों के बीच कौन विरामचिह्न लगाया जाता है ?

(A) अल्पविराम (B) उपविराम

(C) लाघव चिह्न (D) योजक चिह्न

20- रचना के आधार पर शब्द के कितने भेद हैं ?

(A) दो (B) तीन

(C) चार (D) छह

21- निम्न में कौन तद्भव शब्द है ?

(A) सुलह (B) ओठ

(C) कर्पूर (D) कौड़ी

22- निम्न में कौन वर्णसंकर शब्द है ?

(A) इक्षु (B) ससुर

(C) आलमगंज (D) लाठीचार्ज

23- निम्न में कौन शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा है ?

(A) सोना (B) झब्बा

(C) पटना (D) करुणा

24- जिस संज्ञा–शब्द से व्यक्ति या वस्तु के गुण या धर्म, दशा अथवा व्यापार का बोध होता है, उसे कौन संज्ञा कहते हैं ?

(A) समूहवाचक संज्ञा (B) भाववाचक संज्ञा

(C) द्रव्यवाचक संज्ञा (D) जातिवाचक संज्ञा

25- संज्ञा के जिस रुप से व्यक्ति या वस्तु की नर या मादा जाति का बोध हो, उसे व्याकरण में क्या कहते हैं ?

(A) वचन (B) कारक

(C) अव्यय (D) लिंग

26- जिन वाक्यों में लगना, जाना, सकना तथा चुकना सहायक क्रियाएँ आती हैं, उनमें किस वर्ण का प्रयोग नहीं होता ?

(A) में
(B) के
(C) ने
(D) हे

27- 'हरि मोहन को रुपये देता है' – यह वाक्य किस कारक का है ?

(A) संप्रदानकारक
(B) संबंधकारक
(C) अपादानकारक
(D) करणकारक

28- 'श्रीमती' शब्द का बहुवचन है –

(A) श्रीमतीयों
(B) श्रीमतीयाँ
(C) श्रीमतीलोग
(D) श्रीमतियों

29- निम्न में कौन पुंलिंग शब्द है ?

(A) खिंचाव
(B) चमक
(C) खपत
(D) वकालत

30- निम्न में कौन स्त्रीलिंग शब्द है ?

(A) अंगूर
(B) कीचड़
(C) पर्दा
(D) छत

31- वाक्य से अलग रहनेवाले शब्दों को 'शब्द' कहते हैं, किन्तु जब वे किसी वाक्य में पिरो दिए जाते हैं, तब क्या कहलाते हैं ?

(A) शब्द (B) मात्रा

(C) पद (D) वर्तनी

32- पुरुषवाचक सर्वनाम के उत्तमपुरुष में कौन आता है ?

(A) पाठक या श्रोता (B) लेखक या वक्ता

(C) लेखक और श्रोता को छोड़ अन्य लोग (D) इनमें से सभी

33- हिन्दी में कुल कितने सर्वनाम हैं ?

(A) आठ (B) ग्यारह

(C) छह (D) दस

34- जो विशेषण विशेष्य और क्रिया के बीच आए, उसे क्या कहते हैं ?

(A) सार्वनामिक विशेषण (B) परिमाणबोधक विशेषण

(C) विशेष्य–विशेषण (D) विधेय–विशेषण

35- 'मोहन पढ़ने में बहुत तेज है।' – इस वाक्य में प्रविशेषण है –

(A) मोहन (B) पढ़ने

(C) बहुत (D) तेज

36- व्युत्पति अथवा शब्द–निर्माण की दृष्टि से धातु कितने प्रकार की होती है ?

(A) दो प्रकार
(B) तीन प्रकार
(C) चार प्रकार
(D) पाँच प्रकार

37- जो धातु संज्ञा या विशेषण से बनती है, उसे क्या कहते हैं ?

(A) प्रेरणार्थक धातु
(B) यौगिक धातु
(C) नाम धातु
(D) मूल धातु

38- 'मैंने आम खाया है' – यह वाक्य किस काल का है ?

(A) सामान्य वर्तमान
(B) आसन्न भूत
(C) हेतुहेतुमद् भविष्य
(D) तात्कालिक वर्तमान

39- ऐसे शब्द को क्या कहते हैं, जिसके रूप में लिंग, वचन, पुरुष, कारक इत्यादि के कारण कोई विकार उत्पन्न नहीं होता ?

(A) कारक
(B) संधि
(C) समास
(D) अव्यय

40- प्रयोग के अनुसार क्रियाविशेषण के कितने भेद होते हैं ?

(A) तीन
(B) चार
(C) पाँच
(D) छह

41- निम्न में कौन तुलनाबोधक निपात है ?

(A) मत
(B) सिर्फ
(C) जी
(D) सा

42- ऐसे शब्द, जो दो शब्दों के मेल से बनते हैं और जिनके खंड सार्थक होते हैं और सामान्य अर्थ के सूचक होते हैं, उन्हें क्या कहते हैं ?

(A) रूढ़ शब्द
(B) यौगिक शब्द
(C) योगरूढ़ शब्द
(D) इनमें से कोई नहीं

43- 'आक्रमण' शब्द में उपसर्ग है –

(A) आक
(B) आक्र
(C) आक्रम
(D) आ

44- 'पुजापा' शब्द में प्रत्यय है –

(A) पा
(B) जापा
(C) आपा
(D) हपा

45- निम्न में से कौन सरल वाक्य है ?

(A) अस्वस्थ रहने के कारण वह परीक्षा में सफल न हो सका।
(B) सूर्योदय हुआ और कुहासा जाता रहा।
(C) जो कवि लोकप्रिय होता है, उसका सम्मान सभी करते हैं।
(D) उसने न केवल गरीब को लूटा, बल्कि उसकी हत्या भी कर दी।

46- निम्नलिखित में कौन शुद्ध वाक्य है ?

(A) हमारे यहाँ तरुण नवयुवकों की शिक्षा का अच्छा प्रबंध है।
(B) पशुओं का झुंड चारों ओर पानी की चाह में घूम रहा था।
(C) यह कविता अनेक भावों को प्रकट करती है।
(D) भारतीयों को चाहिए कि अपने बच्चों को बताएँ कि भारत हमारा है।

47- 'समुद्र' शब्द का पर्यायवाची शब्द है –

(A) अरविंद (B) सैंधव

(C) अर्णव (D) पतंग

48- 'कृष्ण' शब्द का विपरीतार्थक शब्द है –

(A) सौम्य (B) शुक्ल

(C) मुक्त (D) स्वच्छ

49- 'जो नभ में चलता है' वाक्यखंड के लिए एक शब्द क्या होगा ?

(A) अलौकिक (B) निशाचर

(C) खेचर (D) प्रत्यागत

50- 'आँखें मूँदना' – मुहावरे का क्या अर्थ होता है ?

(A) मर जाना (B) नजर बचाना

(C) उदासीन हो जाना (D) सावधान होना

51- 'हाथ कंगन को आरसी क्या' – लोकोक्ति का अर्थ है –

(A) नुकसान के बिना काम हो जाना। (B) प्रत्यक्ष के लिए प्रमाण क्या ?

(C) कठिन काम संपन्न करना। (D) कम लाभ, अधिक खर्च।

52- 'तू जिन्दा है तो ..................' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं ?

(A) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (B) मो० इकबाल

(C) गोपाल सिंह 'नेपाली' (D) अरुण कमल

53- 'ईदगाह' शीर्षक कहानी में दुकानदार से बड़ी मुश्किल से मोलभाव करके हामिद ने चिमटा कितने पैसों में ले लिया ?

(A) दो पैसों में (B) तीन पैसों में

(C) चार पैसों में (D) पाँच पैसों में

54- 'ईदगाह' शीर्षक कहानी में नमाज़ खत्म होने के बाद लोग क्या कर रहे थे ?

(A) नाच रहे थे (B) गा रहे थे

(C) आपस में गले मिल रहे थे (D) झगड़ा कर रहे थे

55- कवि के अनुसार वह कौन होते हैं, जो अपने काम के द्वारा दूसरों के लिए भी उदाहरण बन जाते हैं ?

(A) बातवीर (B) बलवीर

(C) धर्मवीर (D) कर्मवीर

56- 'विभव' शब्द का अर्थ होता है –

(A) ऐश्वर्य (B) भाग्य

(C) चमकीला (D) भय

57- 'बालगोबिन भगत' शीर्षक पाठ साहित्य के किस विधा में रचित है ?

(A) निबंध (B) जीवनी

(C) रेखाचित्र (D) यात्रा वृतान्त

58- 'बालगोबिन भगत' शीर्षक पाठ के रचयिता कौन हैं ?

(A) वंशीधर श्रीवास्तव  (B) रामवृक्ष बेनीपुरी

(C) प्रेमचन्द  (D) आचार्य शिवपूजन सहाय

59- पठित पाठ के लेखक के अनुसार छोटानागपुर में कई दर्शनीय झरने हैं, पर उनमें कौन झरना सबसे निराला है ?

(A) पेरवाघाघ का झरना  (B) दस्सम का झरना

(C) हिरनी का झरना  (D) हुंडरू का झरना

60- पठित पाठ के आधार पर बताएँ कि किसने कहा है कि "साध्य की पवित्रता एवं महत्ता तभी है, जब उसका साधन भी महान् हो" ?

(A) महात्मा गाँधी ने  (B) कामता प्रसाद सिंह 'काम' ने

(C) मो० इकबाल ने  (D) प्रेमचन्द ने

61- कवि बिहारी की नायिका ने किस कारण से नायक कृष्ण की मुरली को छिपाकर रख लिया ?

(A) गुस्सा के कारण  (B) धन ऐंठने के कारण

(C) बातचीत करने के आनंद के लोभ में  (D) बदला लेने के लिए

62- निम्न में किस कवि के दोहे गागर में सागर है ?

(A) मो० इकबाल  (B) बिहारी

(C) अरुण कमल  (D) नरोत्तमदास

63- पाठ्यपुस्तक में कौन शीर्षक कहानी आंचलिक कहानी है, जिसमें मिथिलांचल की लोकसंस्कृति का प्रभावी वर्णन है ?

(A) ठेस (B) ईदगाह

(C) खेमा (D) इनमें से कोई नहीं

64- किसके हाथ की बुनी फटी शीतलपाटी को छूकर सिरचन कसम खाता है कि "अब यह काम नहीं करूँगा" ?

(A) अपने माँ की (B) अपने पिता की

(C) अपने घरवाली की (D) खुद की

65- "नैनू" शब्द का अर्थ होता है –

(A) मक्खन (B) नमकीन

(C) विशेष प्रकार की चटाई (D) एक प्रकार की घास

66- "हो मेरा काम ग़रीबों की हिमायत करना
दर्दमन्दों से ज़ईफों से मुहब्बत करना" – प्रस्तुत पंक्तियाँ किस शीर्षक पाठ से है ?

(A) तू ज़िन्दा है तो .................. (B) कर्मवीर

(C) खुशबू रचते हैं हाथ (D) बच्चे की दुआ

67- 'अशोक का शस्त्र–त्याग' शीर्षक पाठ साहित्य के किस विधा में रचित है ?

(A) कहानी (B) रेखाचित्र

(C) एकांकी (D) निबंध

68- 'अशोक का शस्त्र–त्याग' शीर्षक पाठ में अशोक और उसके सभी सरदार पीले वस्त्र धारण किये हुए हैं। उनके सामने कौन बैठे हुए हैं ?

(A) अशोक के पिता
(B) एक बौद्ध भिक्षु
(C) कलिंग के राजा
(D) मगध के राजगुरु

69- 'ईर्ष्या : तू न गई मेरे मन से' शीर्षक पाठ में वकील साहब का कलेजा किनके विभव की वृद्धि से जलता रहता है ?

(A) जज साहब के
(B) डॉक्टर साहब के
(C) मास्टर साहब के
(D) बीमा एजेंट के

70- 'ईर्ष्या : तू न गई मेरे मन से' शीर्षक पाठ के अनुसार किसने कूचे से निकलते समय जोरों का एक ठहाका लगाया और कहा कि यार, ये तो बाजार की मक्खियाँ हैं जो अकारण हमारे चारों ओर भिनभिनाया करती हैं ?

(A) नीत्से ने
(B) वकील साहब ने
(C) बीमा एजेंट ने
(D) ईश्वरचंद विद्यासागर ने

71- कबीरदास हिन्दी साहित्य के किस काल के कवि थे ?

(A) आदिकाल
(B) भक्तिकाल
(C) रीतिकाल
(D) आधुनिक काल

72- "मोको कहाँ ढूंढ़े बंदे, मैं तो तेरे पास में।
ना मैं देवल ना मैं मस्जिद, न काबे कैलास में।" – प्रस्तुत पक्तिंयों के रचयिता कौन हैं ?

(A) कबीरदास
(B) बिहारी
(C) नरोत्तमदास
(D) गोपाल सिंह 'नेपाली'

73- किंवदंति के अनुसार किस यक्ष को दमित कर उस स्थान पर विहार बनाया गया, जिस कारण उस स्थान का नाम विक्रमशिला पड़ा ?

(A) भद्रक यक्ष (B) धनपाल यक्ष

(C) इंदल यक्ष (D) विक्रम यक्ष

74- 'दीदी की डायरी' शीर्षक पाठ की संजू किस कक्षा में पढ़ती है ?

(A) छह (B) सात

(C) पाँच (D) आठ

75- 'दीदी की डायरी' शीर्षक पाठ के अनुसार तोतो–चान जिस स्कूल में पढ़ती थी, वह कहाँ चलता था ?

(A) जंगल में (B) रेल के छह डिब्बों में

(C) गाँव में (D) अस्पताल में

76- 'पीपल' शीर्षक कविता के कवि हैं –

(A) गोपाल सिंह 'नेपाली' (B) नरोत्तमदास

(C) अरुण कमल (D) मो० इकबाल

77- 'पीपल' शीर्षक कविता के अनुसार कौन रात भर रो–रोकर भोर कर देता है ?

(A) मोर (B) चकोर

(C) पीपल (D) मेढ़क

78- 'दीनबन्धु 'निराला' शीर्षक पाठ किस प्रतिष्ठित साहित्यकार पर लिखा गया है ?

(A) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' पर (B) रामाकान्त त्रिपाठी 'निराला' पर

(C) रविकान्त त्रिपाठी 'निराला' पर (D) भोजकान्त त्रिपाठी 'निराला' पर

79- 'दीनबन्धु 'निराला'' शीर्षक पाठ के लेखक हैं –

(A) रामवृक्ष बेनीपुरी (B) कामता प्रसाद सिंह 'काम'

(C) आचार्य शिवपूजन सहाय (D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

80- 'खेमा' शीर्षक कहानी किस समाजिक कुप्रथा को उभारने वाली कहानी है ?

(A) जाति–प्रथा (B) दहेज–प्रथा

(C) लिंग–भेद (D) बाल–मजदूरी

81- 'खेमा' शीर्षक पाठ में 'मुक्ताकाशी' होटल का मालिक कौन है ?

(A) लेखक (B) खेमा

(C) कसारा (D) खेमा के पिता

82- कवि अरुण कमल के अनुसार गंदे मुहल्लों के गंदे लोग क्या बनाते हैं ?

(A) पटाखा (B) लड्डू

(C) अगरबत्तियाँ (D) घड़ी

83- कवि अरुण कमल के अनुसार उभरी नसोंवाले हाथ, घिसे नाखूनोंवाले हाथ, गंदे कटे–पिटे हाथ, जख्म से फटे हुए हाथ क्या करते हैं ?

(A) भिक्षा माँगते हैं (B) खुशबू रचते हैं

(C) प्रार्थना करते हैं (D) कूड़ा चुनते हैं

84- पठित पाठ के आधार पर बताएँ कि कौन नरेगा कार्यस्थल के ठेकेदार के सामने बच्चों के जूलूस की नेत्री के रूप में तन कर खड़ी हो गयी ?

(A) कदम (B) जैनब खानम

(C) गुड़िया (D) सोनी

85- 'हौसले की उड़ान' शीर्षक पाठ के अनुसार कदम बड़ी होकर क्या बनना चाहती है ?

(A) डॉक्टर (B) अध्यापक

(C) वकील (D) राजनेता

86- जननायक कर्पूरी ठाकुर के पिता का नाम था –

(A) रामा ठाकुर (B) गोकुल ठाकुर

(C) दशाई ठाकुर (D) भीम ठाकुर

87- 'जननायक कर्पूरी ठाकुर' शीर्षक पाठ साहित्य के किस विधा में रचित है ?

(A) जीवनी (B) रेखाचित्र

(C) कहानी (D) निबंध

88- 'कल्पतरु' शब्द का अर्थ होता है –

(A) गरीब (B) प्रार्थना

(C) उद्देश्य (D) इच्छापूर्ति करने वाल काल्पनिक पेड़

89- जननायक कर्पूरी ठाकुर ने 1970 एवं 1977 में बिहार सरकार के किस पद को सुशोभित किया ?

(A) गृहमंत्री (B) उपमुख्यमंत्री

(C) मुख्यमंत्री (D) पशुपालन मंत्री

90- झाँसी के राजा की मृत्यु के उपरान्त किस अंग्रेज अधिकारी ने झाँसी राज्य को हड़पने की सोची ? पठित कविता के आधार पर उत्तर दें।

(A) विलियम हेयर ने (B) चार्ल्स कैनिंग ने

(C) लॉर्ड माउंटबेटन ने (D) डलहौजी ने

91- कानपुर के नाना की मुँहबोली बहन 'छबीली' कौन थी ?

(A) काना (B) झलकारी

(C) मुंदरा (D) लक्ष्मीबाई

92- 'झाँसी की रानी' शीर्षक कविता की कवयित्री हैं –

(A) महादेवी वर्मा (B) सुभद्रा कुमारी चौहान

(C) सहजोबाई (D) अनामिका

93- 'चिकित्सा के चक्कर' शीर्षक पाठ के लेखक कौन हैं ?

(A) बेढब बनारसी (B) प्रेमचन्द

(C) रामवृक्ष बेनीपुरी (D) वंशीधर श्रीवास्तव

94- 'चिकित्सा के चक्कर' शीर्षक पाठ के अनुसार डॉक्टर चूहानाथ कातरजी कहाँ से एफ०आर०सी०एस० थे ?

(A) न्यूयार्क से
(B) लंदन से
(C) पटना से
(D) ढाका से

95- लेखक बेढब बनारसी के अनुसार वे कौन थे जो रहते थे बनारस में मगर कान काटते थे लखनऊ के ?

(A) सरकारी अस्पताल के डॉक्टर साहब
(B) राय कृष्णदास
(C) चूहानाथ कातरजी
(D) हकीम साहब

96- 'प्रादुर्भाव' शब्द का अर्थ होता है –

(A) सावधानी
(B) प्रकट होना
(C) तरोताजा
(D) समाचार

97- पठित पाठ के आधार पर बताएँ कि किसने सुदामा को द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण के पास जाने को विवश कर दिया ?

(A) सुदामा के पिता ने
(B) सुदामा की पत्नी ने
(C) सुदामा के भाइयों ने
(D) सुदामा के मित्रों ने

98- 'सुदामा चरित' शीर्षक की काव्य भाषा है –

(A) ब्रजभाषा
(B) खड़ी बोली
(C) अवधी
(D) मैथिली

99- 'सुदामा चरित' शीर्षक कविता के कवि कौन हैं ?

(A) हरिऔध (B) बिहारी

(C) नरोत्तमदास (D) कबीरदास

100- 'राह भटके हिरण के बच्चे को' शीर्षक कविता के अनुवादक कौन हैं ?

(A) अयोध्या सिंह उपाध्याय 'हरिऔध' (B) शंकर शैलेन्द्र

(C) गोपाल सिंह 'नेपाली' (D) राजेन्द्र प्रसाद मिश्र

## खण्ड – ब

## विषयनिष्ठ प्रश्न

1- निम्नलिखित गद्यांशो में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है। 5 x 2 = 10

(क) भूषण ने युगीन प्रवृति से अलग वीररस को अपनी कविता में प्रमुखता दी। वे शिवाजी और छत्रसाल के आश्रय में रहे। कवि भूषण अपने युग के दो प्रसिद्ध कवियों चिंतामणि तथा मतिराम के सगे भाई के रूप में प्रसिद्ध हैं। भूषण के ग्रंथ हैं – 'शिवराजभूषण', 'शिवाबावनी' तथा 'छत्रसाल दशक'। अपने युग की युद्ध और आक्रमण जैसी परिस्थितियाँ ही उनके अनुभव जगत का आधार है। भूषण की कविता ऐतिहासिक तथ्यों से प्रामाणिक है। भूषण के काव्य में तथ्य, भाव और भाषा का सुंदर संयोग है।

**(i)** कवि भूषण ने किस प्रवृति को अपनी कविता में प्रमुखता दी ?

**(ii)** कवि भूषण किनके आश्रय में रहे ?

**(iii)** कवि भूषण किनके सगे भाई के रूप में प्रसिद्ध हैं ?

**(iv)** कवि भूषण रचित ग्रंथों के नाम लिखें।

**(v)** भूषण के काव्य की क्या विशेषता है ?

(ख) चलचित्र में विभिन्न शिल्प साहित्यों के लक्षण हैं। नाटक का द्वंद, उपन्यास का कथानक एवं परिवेश–वर्णन, संगीत की गति एवं छंद, पेंटिंग सुलभ प्रकाश–छाया की व्यंजना– इन सारी वस्तुओं को चलचित्र में स्थान मिल चुका है। चलचित्र में प्रमुख होता है चित्र का अर्थ। एक–एक चित्र एक–एक वाक्य हुआ करता है और समस्त चित्रों के मिलने से कथ्य पूरा होता है। चलचित्र निर्माण कार्य को मोटे तौर पर सिनेरिओ, सेट्स–शूटिंग और एडिटिंग जैसे तीन पर्यायों में विभक्त किया जाता है। चलचित्र पूर्णतया यंत्र युग की भाषा है। कैमरा नामक यंत्र का यदि आविष्कार नहीं हुआ होता तो चलचित्र–भाषा का सृजन ही नहीं हो पाता। चित्र की भाषा से ध्वनि की भाषा का संयोग सवाक् युग में जो संभव हो सका इसका कारण है शब्द–यंत्र (साउंड रिकॉर्डिंग मशीन) का अविष्कार।

**(i)** चलचित्र में साहित्य के कौन–कौन लक्षण मिलते हैं ?

**(ii)** चलचित्र में क्या प्रमुख होता है ?

**(iii)** चलचित्र निर्माण कार्य को मोटे तौर पर किन–किन पर्यायों में विभक्त किया जाता है ?

**(iv)** क्या नहीं हुआ होता तो चलचित्र–भाषा का सृजन भी नहीं हो पाता ?

**(v)** चित्र की भाषा से ध्वनि की भाषा का संयोग कैसे संभव हो सका है ?

2- निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न दो अंकों का है। 5 x 2 = 10

(क) भारतीय आचार्यों ने गुण को आत्मा का धर्म माना है। काव्य में भी आत्मा होती है – जिसे रस कहा गया है। अतः काव्य में गुण रस का धर्म है। गुण उसे कहते हैं, जो रस के साथ सदैव विद्यमान रहता है। गुणों की संख्या तीन मानी गई है – माधुर्य, ओज और प्रसाद। जहाँ काव्य पाठ से सहृदय का अंतःकरण प्रसन्न अथवा द्रवित हो जाता है, वहाँ माधुर्य गुण होता है। जहाँ काव्य को पढ़ने से सहृदय के चित्त में तेज और स्फूर्ति का संचार हो जाए, वहाँ ओज गुण होता है। जहाँ कविता का अर्थ और भाव सुनते ही समझ में आ जाए और सहृदय के चित्त में व्याप्त हो जाए, वहाँ प्रसाद गुण होता है।

**(i)** काव्य की आत्मा क्या होती है और उसका धर्म क्या है ?

**(ii)** गुण किसे कहते हैं ?

**(iii)** माधुर्य गुण क्या होता है ?

**(iv)** ओज गुण से आप क्या समझते हैं ?

**(v)** कविता में प्रसाद गुण कब होता है ?

(ख) सूर्य की पूजा बारहों महीने होती है। हर महीने में उनका अलग नाम है। सूर्य के कई काम हैं और हर काम पर उनका अलग नाम है। सविता के रूप में वे हर वस्तु को उत्प्रेरित करते हैं। पूषण के रूप में कल्याण करते हैं। उगता सूर्य वैवस्वत कहलाता है।

जबकि भग उनका दुष्ट रूप है। कहते हैं कि याज्ञवल्क्य ऋषि ने सीधे सूर्य से ही वेद की शिक्षा ग्रहण की थी। अरुणाचल प्रदेश की एक जनजाति सूर्य की ही पूजा करती है और उसे स्त्री मानती है, क्योंकि वही सृजन का स्रोत है। भारत में कई सूर्य मंदिर हैं, जिनमें कोणार्क का सूर्य मंदिर मशहूर है। सन् 1925 ई० में सर जेम्ज जी० फ्रेजर ने 'प्राचीन आर्यों की सूर्य पूजा' नामक अपनी पुस्तक में साबित कर दिया था कि जहाँ कहीं भी आर्य गए अपने साथ सूर्य पूजा को भी लेते गए।

(i) सूर्य की पूजा कब होती है ?

(ii) उगता सूर्य क्या कहलाता है और सूर्य का दुष्ट रूप क्या है ?

(iii) किस ऋषि ने सीधे सूर्य से किसकी शिक्षा ग्रहण की थी ?

(iv) भारत में कहाँ का सूर्य मंदिर मशहूर है ?

(v) सर जेम्ज जी० फ्रेजर ने अपनी पुस्तक में क्या साबित कर दिया था ?

3- निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लगभग 250—300 शब्दों में निबंध लिखें : $1 \times 10 = 10$

**(क) समाचार पत्र**

(i) भूमिका

(ii) लोकतंत्र का प्रहरी

(iii) समाचार पत्र की उपयोगिता

(iv) समाचार पत्र कल और आज

(v) उपसंहार

**(ख)** **गणतंत्र दिवस**

(i) भूमिका

(ii) इतिहास

(iii) महत्व

(iv) उपसंहार

**(ग)** **वृक्षारोपण**

(i) भूमिका

(ii) वृक्ष की महत्ता

(iii) लाभ

(iv) कटाई से हानि

(v) उपसंहार

**(घ)** **संचार क्रांति**

(i) भूमिका

(ii) संचार क्रांति का स्वरूप

(iii) संचार क्रांति से लाभ और हानि

(iv) उपसंहार

**(ङ)** **छात्र और अनुशासन**

(i) भूमिका

(ii) अनुशासन का महत्त्व

(iii) छात्र जीवन और अनुशासन का संबंध

(iv) उपसंहार

4- अनुपस्थिति दण्ड माफ कराने के लिए अपने प्रधानाध्यापक के पास एक आवेदन पत्र लिखें।

1 x 5 = 5

अथवा

बढ़ती हुई महँगाई के विषय पर दो छात्रों के बीच के संवाद को लिखें।

5- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दें। 5 x 2 = 10

(i) पठित पाठ के आधार पर बताएँ कि ईर्ष्या की बेटी किसे और क्यों कहा गया है ?

(ii) 'दीनबन्धु 'निराला'' शीर्षक पाठ में कवि सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' को 'दीनबन्धु' क्यों कहा गया है?

(iii) 'झांसी की रानी' शीर्षक कविता के अनुसार लक्ष्मीबाई का बचपन किस प्रकार के खेलों में बीता ?

(iv) 'चिकित्सा का चक्कर' शीर्षक पाठ के अनुसार लेखक को बीमार पड़ने की इच्छा क्यों हुई ?

(v) दुर्जन के साथ रहने से अच्छी बुद्धि नहीं मिल सकती। इसकी उपमा में कवि बिहारी ने क्या कहा है ?

(vi) 'ईदगाह' शीर्षक कहानी में हामिद, मिठाई या खिलौने के बदले चिमटा पसन्द करता है। क्यों ?

(vii) कवि हरिऔध' के अनुसार कर्मवीर की पहचान क्या है ?

(viii) 'सुदामा चरित' शीर्षक पाठ के अनुसार अपने गाँव वापस आने पर सुदामा को भ्रम क्यों हआ ?

(ix) हुंडरू का झरना कैसे बना है ?

(x) कर्पूरी ठाकुर को कौन–कौन कार्य करने में आनन्द मिलता था ?

6- निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लगभग 100 शब्दों में दें: 1 x 5 = 5

(i) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"दृढ़ इच्छा शक्ति और बदलाव की इच्छा रखने वाली सामान्य बेटियों ने असाधारण काम किया और समाज के हौसले को बढ़ाया।"

(ii) सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"मेरे अल्लाह बुराई से बचाना मुझको
नेक जो राह हो, उस राह पे चलाना मुझको"